# Lenders question RBI's loan exposure definition

## Foreign, pvt sector banks said more clarity is needed on the new norms

Gopika Gopakumar & Shayan Ghosh
MUMBAI



According to the RBI circular issued on 6 August, borrowers with more than ₹50 crore exposure from the banking system will need to have an escrow mechanism. MINT

Several foreign and private lenders have questioned the definition of "loan exposure" in the Reserve Bank of India's (RBI) recent circular that bars corporate borrowers from operating multiple current accounts.

While public sector banks (PSBs) stand to benefit the most from the changed regulations on current accounts announced by RBI last Thursday, foreign and private sector banks said more clarity is warranted on what constitutes a loan exposure.

"How do you define exposure? Whether it is funded or non-funded? What happens to your draft limit which is given for settlement transactions? What about forex settlement risk, whether that is defined as exposure?" asked a senior banker with a foreign bank.

RBI's 6 August circular says borrowers with more than ₹50 crore exposure to the banking system need to have an escrow mechanism and only banks managing such escrow can open current accounts. Companies with less than ₹50 crore exposure to the banking system will have fewer restriction in opening such accounts.

Senior bankers said PSBs, which collectively are the biggest lenders of working capital and term loans to corporates, tend to lose out to private peers both in domestic and foreign cash management business. However, with RBI barring corporate borrowers from maintaining multiple current accounts, especially in banks with which they have little or negligible loan exposure, industry experts say PSBs will see a surge in cash management business, which in turn will also give PSBs access to cheaper funds.

But many lenders ask how settlements will happen in the case of opening a letter of credit or bank guarantee or a foreign exchange contract and how end-use monitoring will take place. They are also questioning whether PSBs will be able to provide the services attached to external commercial borrowing or export credit agency loans that foreign banks have been able to.

According to the new guidelines, RBI has asked banks to comply with new norms for existing current and overdraft accounts within three months. Most banks said that it would be a challenging task to realign all the accounts and relationships, and close current accounts in three months.

"Almost all clients which are sophisticated have done technological integration either on the cash management side or on trade financing side. To unlock all of this, to make new arrangements with public sector banks that may or may not have right capability on the product, may not be easy," said a banker with a private sector bank.

While a large chunk of the business with private and foreign banks could be hit, these banks are looking at moving to a fee-based system for all services instead of offering them for free against the free float money with the bank.

Analysts believe private banks that have been involved in cash management for large borrowers will be at the receiving end of this norm. Since RBI says a borrower does not need a separate current account and can use the existing cash credit or overdraft account to streamline the cash flows, systemic current account deposits will shrink.

Anil Gupta, vice-president (financial sector ratings) at Icra, said the circular is intended to enable lenders to have a better control on borrowers' cash flows and monitor the same. The measure may improve discipline among borrowers as instances of funds diversion could reduce, he added.

*gopika.g@livemint.com*

**COMPLICATIONS APLENTY**

**THERE** are doubts if the loan exposure is funded, or if forex settlement risks are defined as exposure

**MANY** lenders also ask how settlements will happen in case of opening a letter of credit, forex contract

**BANKS** said that it would be tough to realign all accounts, and close current accounts in 3 months

Virtual hiring to continue even after pandemic bit.ly/3gSZyjl

# 23 firms in fray to run special trains, can buy or lease rakes for private ops

Shreya Nandi
shreya.n@livemint.com
NEW DELHI



The companies will have the freedom to decide on the fares to be charged from the passengers, the ministry of railways said. RAMESH PATHANIA/MINT

As many as 23 companies, including Bombardier, Alstom, Siemens, India's National Investment and Infrastructure Fund (NIIF) and Bharat Heavy Electricals Ltd (BHEL), have shown interest in running special trains under the Indian Railways' plans for privatization, and attended the pre-application meeting on Wednesday. The railways said the firms will have the option to either run their own trains or lease them—a move that is expected to encourage more players to bid for the project.

"Ministry of railways (MoR) clarified that risks with regard to operation of trains shall be allocated to the parties best suited to manage them. MoR also informed that the private entity shall have the freedom to decide on the fare to be charged from its passengers," the ministry said.

Other companies that attended the meeting included BEML, IRCTC, CAF, Sterlite, Bharat Forge, JKB Infrastructure and Titagarh Wagons, it added. Last month, the national transporter had invited request for qualification (RFQ) for private participation in the operation of passenger trains for over 109 routes, with the introduction of 151 modern trains. This will be in addition to the existing trains operated on the network.

The first pre-application conference was held on 21 July. After the applicants are shortlisted, in the next stage, they will have to offer a fixed-price bid for undertaking the project.

"The applicants raised queries on a number of issues, including flexibility in clusters, eligibility criteria, bidding process, procurement of trains, fares, operations and maintenance," the ministry said. As far as haulage charges (for using tracks) are concerned, it will be indexed for the entire concession period, bringing certainty on its rate.

This is the first initiative of private investment for running passenger trains on the Indian Railways' network. The project entails a private sector investment of about ₹30,000 crore. According to the railways, the trains will operate across 12 clusters, including Bengaluru, Chandigarh, Jaipur, Delhi, Mumbai, Patna, Prayagraj, Secunderabad, Howrah and Chennai. By April 2023, some routes are expected to be operationalized.

# WomenConnect Challenge to come to India

Kalpana Pathak
kalpana.p@livemint.com
MUMBAI

Reliance Foundation on Wednesday said it will launch the W-GDP WomenConnect Challenge across India this year, in association with the US Agency for International Development (USAID).

Under the Women's Global Development and Prosperity (W-GDP) Initiative, the new partnership between Reliance Foundation and USAID aims to bridge the gender and digital divide in India. The alliance was announced at a W-GDP event on Tuesday.

Nita Ambani, founder and chairperson, Reliance Foundation, said: "Together, we shall launch the W-GDP WomenConnect Challenge across India in the fall of 2020. At the heart of this partnership is our shared goal to help bridge both the gender divide and the digital divide in India."

**The challenge will be launched by Reliance Foundation to bridge the gender and digital divide in India**

The W-GDP Women's Connect Challenge (WCC) supports private sector-led approaches to close the gender and digital divide, besides expanding opportunities, and empowering women.

Ivanka Trump, adviser to US President Donald Trump, on Wednesday said: "The W-GDP Fund was created to source and scale the most innovative programmes to advance women's economic empowerment. We are leveraging the resources and expertise of the US government and the private sector so that activities have enduring, deep effects on the communities they reach."

# RIL-Aramco mega deal faces valuation hurdles

Kalpana Pathak
kalpana.p@livemint.com
MUMBAI


The deal entailed Aramco taking a 20% stake in RIL's oil and chemicals biz. BLOOMBERG

Differences over the valuation of the refining and petrochemicals business of Reliance Industries Ltd (RIL) is likely to prolong a potential mega deal between India's largest private sector company and the world's top crude oil producer, Saudi Arabian Oil Co. (Aramco), said two people, requesting anonymity.

The deal was announced last August by RIL chairman and managing director Mukesh Ambani, wherein Aramco was to pick up a 20% stake in the company's oil and chemicals business for $15 billion, at an enterprise value of $75 billion.

However, an agreement is yet to be signed between the two companies. Last month, Ambani had informed shareholders at the annual general meeting that due to the unforeseen circumstances in the energy market, the Aramco deal has not progressed as per the original timeline.

On Sunday, Aramco president and chief executive Amin Nasser said work on the RIL deal is on and they will update shareholders in due course.

"The impact of crude oil prices on Saudi Aramco's balance sheet is visible. It wants a market to place its crude, but it is not desperate. And, so is not RIL to sell a stake. So, both companies are looking at a commercial deal which is a win-win for both," said the first official cited above.

While for Aramco, the drop in oil price has impacted its balance sheet and valuation, RIL, having raised ₹2.12 trillion through its combined investments in Jio Platforms, a rights issue and investment by BP in its fuel retail business, is not as desperate to sell a stake.

According to Bernstein Research, RIL's last year's valuation of $75 billion could have fallen to a gross valuation of nearly $57 billion, as on 16 July. Crude prices have fallen 23.44% so far since 12 August 2019, when the RIL-Aramco deal was first announced.

An RIL spokesperson did not immediately reply to an email query on Wednesday seeking comments.

Kotak Institutional Equities has estimated RIL's petrochemicals business to post earnings before interest, taxes, depreciation and amortization (Ebitda) of ₹26,000 crore in FY21, declining from ₹30,900 crore in FY20, and ₹37,900 crore in FY19. Ebitda for its refining and marketing business is estimated at ₹18,600 crore in FY21 against ₹24,500 crore in FY20 and ₹26,100 crore in FY19.

The second person cited above said another factor that is likely to delay the deal is the availability of another asset in the market for Aramco to purchase—that of state-run Bharat Petroleum Corp. Ltd (BPCL).

"Saudi Aramco is keen on the deal with RIL. Though BPCL's stake sale by the government is also an attractive option for the company, it is currently cautious on its investments, given the present world economic scenario," he added.

Aramco said in a press release on Sunday that its net income plunged to $23.2 billion in the first six months of 2020, from $46.9 billion in the year-ago. It reported a 73.4% fall in its second-quarter net profit, and said it expects capital expenditure for 2020 to be at the lower end of the $25 billion to $30 billion range.

"Strong headwinds from reduced demand and lower oil prices are reflected in our second-quarter results," Nasser said on Sunday.

# Indian Terrain plans to expand footprint

Saumya Tewari
saumya.t@livemint.com
NEW DELHI

Homegrown fashion apparel and accessories firm Indian Terrain Fashions Ltd, which has completed two decades of operations, said it is expanding its retail footprint with the launch of 20 retail stores in tier 2 and tier 3 cities and towns such as Hubli, Lucknow, Siwan, Ooty, Ganganagar, and Srinagar in FY21.

The smart casual clothing brand, which offers a range of casual and sportswear for men and boys, is expanding at a time when retailers are reeling under losses because of the lockdown following the coronavirus outbreak and the consequent dip in consumer demand.

The company has noticed that smaller towns are showing much more resilience and the consumption impact as the result of covid-19 is much less in smaller towns, said Charath Narsimhan, managing director, Indian Terrain.

"This expansion strategy was always part of the long-term plan. However, it has been expedited under the present situation," he said.

Indian Terrain, which has a turnover of ₹900 crore, operates more than 1,500 stores across formats such as exclusive brand outlets (EBOs), multi-brand outlets (MBOs), and large format stores. "We are operating 65 stores in malls across India and are in discussions on renegotiating rents with most mall managements who have been supportive of the challenges faced by retailers during this period. However, we haven't closed any of our mall stores till now," Narsimhan said.

**The company is focusing on online selling, having strengthened its partnerships with e-tail firms**

The footfall in stores has reduced but the company claims to have seen reasonable demand and conversions during the unlocking phase. Consumers are opting for comfort wear such as T-shirts, shorts, joggers and ringer T-shirts.

The company is focusing on online selling, having strengthened e-commerce partnerships with Flipkart, Myntra and Nykaa.

"Our overall online sales are ahead of the pre-pandemic levels. At present, our contribution of online sales is between 10% and 12% and we are targeting this to reach 25% in the next three years," Narsimhan said.

# Nearly 66% shoppers ignored e-comm sales

Tarush Bhalla
tarush.b@livemint.com
BENGALURU

Flipkart's Big Saving Days and Amazon's Prime Day and Freedom Sale failed to benefit from pent-up consumer demand, with nearly 66% users staying away, finds a survey by community media platform LocalCircles.

According to the survey, out of the over 17,000 shoppers from across 211 districts, 36% said they browsed through the sites but did not buy anything, while 30% did not even visit the e-commerce platforms.

Global e-commerce giant Amazon conducted its Prime Day 2020 sale in India on 6-7 August, before the US event for the first time, while Flipkart kick started the sale season on 6 August in the run up to its flagship 'Big Billion Day' sale expected in October.

Following the Prime Day sale, Amazon India held a 'Freedom Sale' between 8 and 11 August, with lucrative offers.

According to the 'Mood of the Consumer' survey, 27% respondents said they spent at least ₹1,000 on the e-commerce sales. While 7% respondents said they spent over ₹10,000, 20% spent between ₹1,000 and ₹10,000. Only 7% said they spent up to ₹1,000.

**Only 11% of the consumers surveyed said they were drawn by the good discounts, as per LocalCircles**

The survey said that close to 79% of consumers said they shopped at the sales because they did not want to step out due to covid-19. Only 11% said they were drawn by the good discounts.

According to earlier LocalCircles surveys, e-commerce platforms benefit from pent up demand after most people held back from making big-ticket purchases between March and May. In the recent survey, most consumers made a beeline for gadgets, including laptops, mobile phones, tablets, printers and routers, as well as fashion and household items, besides essential supplies.

Amazon said it clocked close to $600 million in sales during the two-day event. Most buyers bought smartphones, personal computers, large kitchen appliances, apparel and pantry stocks. Flipkart's Big Savings Day sale also saw considerable sales, industry analysts said.

Flipkart-owned Myntra, which conducted its first sale of 2020 with the End Of Reason Sale on 19-23 June, said 3.5 million customers bought 10 million products.

Other smaller online retailers, like Grofers and Paytm Mall have also announced their sale events starting 11 August.

**PARADIP PORT TRUST**

**E-TENDER CALL NOTICE**

**No.EM/PD-29/2020**

Name of the work "**Providing Assistance in Office-cum-Site works under E&M Dept. on job work basis for a period of one year**". Estimated cost : **Rs.1,07,70,082 /-**. The last date & time of submission of bid : **dt.25/08/2020** upto **17:15 Hrs.** Refer our website for details : **https://eprocure.gov.in/eprocure/app.**

**Executive Engineer (M)**
**P&D Cell, E&M Dept.**

**PPT/PR/163/20-21, Dt.12.08.2020**

bharti airtel

**BHARTI AIRTEL LIMITED**

**CIN:** L74899DL1995PLC070609
**Regd. & Corporate Office:** Bharti Crescent, 1, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj, Phase-II, New Delhi - 110 070
**Tel.:** +91-11-4666 6100; **Fax.:** +91-11-4166 6137
**Email id:** compliance.officer@bharti.in, **Website:** www.airtel.com

**FOR THE ATTENTION OF SHAREHOLDERS**

This is to state that :

1. The 25th Annual General Meeting ('AGM') of Bharti Airtel Limited ('Company') will be held on Tuesday, August 18, 2020 at 03:30 P.M. (IST) through Video Conferencing ('VC') / Other Audio-Visual Means ('OAVM') to transact the businesses as set forth in the Notice of 25th AGM ('the Notice'). The Company has appointed KFin Technologies Private Limited ('KFIN'), RTA to provide VC / OVAM facility along with the e-voting/ remote e-voting ('e-voting') facility for the 25th AGM.
2. The electronic dispatch of the Notice and Integrated Report & Annual Financial Statements for the financial year 2019-20 ('Integrated Annual Report') to members was completed on Monday, July 27, 2020. The Notice and Integrated Annual Report is available on the Company's website www.airtel.com and on the website of the Stock Exchanges, i.e., BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the website of KFIN at https://evoting.karvy.com.
3. The remote e-voting will commence at 9:00 A.M. on Friday, August 14, 2020 and end at 5:00 P.M. on Monday, August 17, 2020. The cut-off date for the purpose of ascertaining the eligibility of Members to avail e-voting facility was Tuesday, August 11, 2020. The voting rights of Members shall be in proportion to their share in the paid-up equity share capital of the Company as on the cut-off date. The instructions for e-voting are provided in the Notice, which is available on the website of the Company viz. www.airtel.com
4. The Company is providing the facility of Speaker Registration to the members to express their views or ask questions during the AGM. The facility of 'Speaker Registration' will open from Friday, August 14, 2020 and will end on Saturday, August 15, 2020. The members are requested to avail this opportunity.
5. The facility for voting through electronic means will also be made available at the AGM. The members who will be present in attending the AGM through VC / OAVM and have not already cast their vote(s) through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote during the AGM. Information and instructions including details of user id and password relating to e-voting have been sent to the members through e-mail. The login credentials used for e-voting may also be used for attending the AGM through VC / OAVM.
6. The "Record Date" for determining the entitlement of members to final dividend for the financial year ended March 31, 2020 was Friday, August 07, 2020. As per the Income Tax Act, 1961, as amended by the Finance Act, 2020, dividend paid or distributed by the Company on or after April 01, 2020 shall be taxable in the hands of the Members. The Company shall therefore be required to deduct tax at source (TDS) at the time of making payment of the said dividend.
7. In case of any query pertaining to e-voting, members may visit Help & FAQs section available at KFIN website (https://evoting.karvy.com/public/Faq.aspx). In case of any other queries / grievances connected to remote e-voting or shares, members may contact Mr. Raj Kumar Kale, an official of KFIN, at telephone number: 040-67162222 or the toll free number 1800-345- 4001 or at email: evoting@kfintech.com

For **Bharti Airtel Limited**
Sd/-
**Pankaj Tewari**
**Company Secretary**

Place : New Delhi
Date : August 12, 2020

TATA
TATA POWER
**The Tata Power Company Limited**
**(Corporate Contracts Department)**
Smart Center of Procurement Excellence, 2nd Floor, Sahar Receiving Station, Near Hotel Leela, Sahar Airport Road Andheri (E), Mumbai 400 059, Maharashtra, India
(Board Line: 022-67173188) CIN: L28920MH1919PLC000567

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST**

**The Tata Power Company Limited** hereby invites Expression of Interest from interested and eligible bidders for participation in following tender:

**"Rate Contract for LCI Drive Control upgrade including replacement of Power Thyristor Bridges & Cabinets of ID Fan Motors at Maithon Power Limited"**

For details of pre-qualification requirements, purchasing of tender document, bid security, etc., please visit Tender section of our website **(URL:https://www.tatapower.com/tender/tenderlist.aspx)**. Eligible vendors willing to participate may submit their expression of interest along with the tender fee for issue of tender document latest by **21st Aug. 2020**.




पोर्टल पर कॉपी जमा करने की पुष्टि नहीं होने से हो रही परेशानी

# उत्तर पुस्तिका को लेकर असमंजस में डीयू छात्र

**समस्या**

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित हो रही ओपन बुक परीक्षा (ओबीई) से न केवल परीक्षा देने वाले छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बल्कि शिक्षकों के समक्ष भी असमंजस की स्थिति आ गई है। शिक्षक कॉपियों की जांच को लेकर असमंजस में हैं। वहीं, छात्र पोर्टल पर कॉपी जमा करने के बाद कंफर्मेशन नहीं मिल पाने के कारण तीन-तीन जगह कॉपी भेज रहे हैं।

दरअसल, कई छात्रों ने उत्तर पुस्तिका अपलोड करने के बाद कंफर्मेशन मेल न मिलने पर अपने कॉलेज व नोडल ऑफिसर को भी मेल भेज दिया है। डीयू के एक शिक्षक का कहना है कि ऐसे कई छात्र हैं जिन्होंने पोर्टल पर पुस्तिका अपलोड करने के बाद कंफर्मेशन मेल नहीं मिलने पर कई जगहों पर अपनी उत्तर पुस्तिका मेल से भेज दी है। ऐसे में यह निश्चित करना मुश्किल हो जाएगा किसी छात्र की कौन की कॉपी कहां से लेकर चेक करनी है।

डीयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजीव रे का भी कहना है कि कई बार ऐसा भी देखा गया है कि छात्र तीन-तीन जगह अपनी कॉपी भेज रहे हैं। क्योंकि उनको कंफर्मेशन मेल नहीं मिली है। छात्रों को प्रश्नपत्र डाउनलोड करने में दिक्कत नहीं है लेकिन उनको उत्तर भेजने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डूटा पदाधिकारी आभा देब हबीब का कहना है कि छात्रों को उत्तर पुस्तिका भेजने में काफी परेशानी आ रही है। कई मामलों में ई-मेल के माध्यम से भी देर से कंफर्मेशन आती है। यूनिवर्सिटी कैसे तय करेगी कि कई सबमिशन के बीच कौन सी स्क्रिप्ट को मूल्यांकन के लिए अंतिम स्क्रिप्ट के रूप में लिया जाना चाहिए। वहीं, आज तक मूल्यांकन की प्रक्रिया के बारे में शिक्षकों के लिए कोई अधिसूचना नहीं है।

डीयू में कार्यकारी समिति के सदस्य डॉ. राजेश झा ने भी कुछ इन्हीं बातों को लेकर सवाल उठाए हैं।

**स्कैनिंग नहीं हो पा रही है स्पष्ट :** डीयू में राजधानी कॉलेज के शिक्षक व पूर्व विद्वत परिषद के सदस्य पंकज गर्ग का कहना है सभी छात्रों के पास एक तरह का मोबाइल कैमरा नहीं है। इसलिए सब छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग भी एक तरह से नहीं है।

उन्होंने कहा कि कई बार कॉपी की स्कैनिंग इतनी खराब हो रही है कि उसे पढ़ा नहीं जा सकता है। गर्ग ने सवालिया लहजे में कहा कि जब शिक्षक छात्र की कॉपी सही से पढ़ ही नहीं पाएगा तो उसे चेक कैसे करेगा।




**डीयू का कहना**

छात्रों को हमारी तरफ से एक मेल भेजा गया है कि वह कॉपियों को भेजे जाने को लेकर परेशान न हों। वह चाहे पोर्टल पर अपलोड करें या नोडल ऑफिसर को भेजें वह कॉपियां परीक्षा विभाग को ही प्राप्त होंगी। जहां तक कॉपियों के मूल्यांकन को लेकर जारी दिशा निर्देश की बात है तो यह भी जल्द जारी होगा। छात्रों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

– प्रो. विनय गुप्ता, डीन एग्जामिनेशन, डीयू

# पांच फीसदी के फेर में अटका शिक्षकों का वेतन

**संकट**

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

दिल्ली सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों में एक बार फिर वेतन संकट गहरा गया है। कई स्कूलों के हजारों शिक्षकों और कर्मियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। ऐसे में इनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई स्कूल प्रबंधन की ओर से शिक्षा निदेशालय में अग्रिम जमा किया जाने वाला पांच फीसदी हिस्सा न देने के कारण शिक्षकों को सैलरी नहीं मिल पा रही है।

सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल की शिक्षक एसोसिएशन (गेस्टा) के महासचिव राजीव मित्तल के अनुसार इन स्कूलों के सभी कर्मियों को निदेशालय की तरफ से वेतन दिया जाता है। इसमें पांच फीसदी हिस्सेदारी स्कूल प्रबन्धकों की होती है। वहीं, 95 फीसदी हिस्सेदारी शिक्षा निदेशालय की होती है। उन्होंने बताया कि जब स्कूल प्रबंधक पांच फीसदी की धनराशि अग्रिम बिल के रूप में जमा करते हैं। तब शिक्षा निदेशालय पूरा वेतन जारी करता है। ऐसे में कोरोना काल के दौरान कई स्कूल प्रबंधक पांच फीसदी धनराशि बिल के रूप में जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से बहुसंख्यक स्कूलों में वेतन का संकट बना हुआ है। मित्तल ने बताया कि कुछ स्कूलों ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला जताते हुए पांच फीसदी रकम जमा कराने की अक्षमता को लेकर निदेशालय को लिखित में भी दे दिया है।

**कुछ ने यह उपाय निकाला :** मित्तल के अनुसार बेशक कई स्कूलों के शिक्षकों और कर्मियों का तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। लेकिन, कई स्कूल के कर्मियों को वेतन मिल रहा है। इसके लिए कुछ स्कूलों के प्रबंधक बिल जमा कर रहे हैं। लेकिन, कुछ स्कूलों के शिक्षक और कर्मियों को बिल की कीमत चुकानी पड़ रही है। निदेशालय में अग्रिम रूप से जमा किए जाने वाली पांच फीसदी की हिस्सेदारी शिक्षक और कर्मी अपनी जेब से जमा कर रहे हैं।

**मार्च में भी गहराया था संकट :** इन स्कूलों के शिक्षकों और कर्मियों के सामने मार्च महीने में भी वेतन का संकट गहराया था। इस समस्या को आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद शिक्षा निदेशालय ने बिल देने की बाध्यता कुछ समय के लिए खत्म कर दी थी और शिक्षकों व कर्मियों को मार्च और अप्रैल महीने का वेतन जारी हुआ था।




**203** सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हैं राजधानी दिल्ली में

**5500** से अधिक शिक्षक व कर्मी कार्यरत हैं इन स्कूलों में

हमनें दिल्ली सरकार से इन स्कूलों का अधिग्रहण करने की मांग की है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को पत्र भी लिखा गया है। पत्र में स्कूल प्रबंधन को सरकार के आधीन लेने की मांग की गई है।

– राजीव मित्तल, महासचिव, गेस्टा

मई महीने का वेतन अभी तक जारी नही हुआ है। स्कूल प्रबंधक का जो रवैया है, उससे स्पष्ट है कि अगस्त महीने का वेतन भी नहीं मिलेगा। ऐसे में रोजी-रोटी की व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है।

– ललित शर्मा, शिक्षक, जैन संस्कृत कमर्शियल सी. से. स्कूल, दिल्ली 6

# वोकेशनल की डिग्री अन्य स्नातक के समान मानें

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

**सिसोदिया बोले**

- व्यावसायिक विषय से स्नातक को यूपीएससी में बैठने की पात्रता मिले
- कहा- दिल्ली सरकार ने केंद्र के समक्ष उठाया है मामला

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने व्यावसायिक विषय से स्नातक की डिग्री को अन्य विषयों के स्नातक के बराबर मानने की जरूरत पर बल दिया है। इस संबंध में उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग की है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से व्यावसायिक स्नातकों को सिविल सेवा की परीक्षा (यूपीएससी) में बैठने की पात्रता देने की भी मांग की है।

सिसोदिया ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर देने की बात की गई है। लेकिन, इसका परिणाम कैसे सामने आएगा जब तक कि हमारी व्यवस्था व्यावसायिक विषय की पढ़ाई कर चुके लोगों को सम्मान नहीं देगी। उन्होंने कहा कि डीयू जैसे विश्वविद्यालयों में नामांकन के दौरान 12 वीं कक्षा में व्यावसायिक विषयों या कौशल आधारित विषयों में अध्ययन करने वाले छात्रों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार व्यावसायिक शिक्षा में स्नातक करने वाले छात्रों को अन्य विषयों के स्नातकों के बराबर नहीं माना जाता है। उन्हें उच्च शिक्षा एवं नौकरियों में समान अवसर नहीं मिल पाता। वे सिविल सेवा की परीक्षाा में बैठने के भी पात्र नहीं हैं। ऐसे में व्यावसायिक शिक्षा को हम कैसे आगे बढ़ा सकते हैं।

## डिजाइन थिंकिंग पर प्रशिक्षण

**नई दिल्ली (प्र.सं.)।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस प्लेसमेंट सेल ने स्नातक तथा परास्नातक के छात्रों के लिए डिजाइन थिंकिंग पर ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम 18 अगस्त को कराने का निर्णय लिया है। इसकी विधिवत जानकारी छात्र डीयू के कैंपस प्लेसमेंट की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

डीयू में कैंपस प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डॉ. हेना सिंह का कहना है कि वर्तमान में डिजाइन थिंकिंग को समझने के लिए यह ऑनलाइन ट्रेनिंग आयोजित की जा रही है। यह पूरी तरह से निःशुल्क है। छात्रों को इसे करने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की मांग के अनुरूप यह ऑनलाइन कोर्स आयोजित किया जा रहा है। कई कंपनियों ने इस वर्ष हमारे छात्रों का चयन किया है। यह कोर्स की प्रारंभिक समझ के लिए है।

**हिन्दुस्तान हेल्पलाइन**

## सितंबर के दूसरे सप्ताह में जारी हो सकती है कटऑफ

हिन्दुस्तान हेल्पलाइन पर आए डीयू दाखिले से जुड़े छात्रों के सवालों के जवाब जाकिर हुसैन कॉलेज में प्राध्यापक डॉ. जीएस टुटेजा ने दिए।



- **मैंने डीयू में स्नातक के लिए आवेदन किया है। डीयू की मेरिट लिस्ट कब आएगी?**
  – शाहनवाज आलम

डीयू की मेरिट लिस्ट आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद आएगी। बहुत संभावना है कि सितंबर के दूसरे सप्ताह तक डीयू स्नातक की मेरिट लिस्ट जारी हो।

- **कला वर्ग में इंटरमीडिएट प्रथम श्रेणी और बीए प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया है। प्राइमरी स्कूल में पढ़ाने के लिए डीयू के किस कोर्स में आवेदन कर सकता हूं?**
  – एम जमील कुरैशी

डीयू से आप बीएड कर सकते हैं लेकिन उसकी आवेदन प्रक्रिया 31 जुलाई को समाप्त हो चुकी है।

- **मैंने डीयू में स्नातक में आवेदन के समय 2019 का ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र लगाया है? क्या मेरा फार्म रद हो जाएगा। 2020 का प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहा है?**
- **डॉक्टर आरके गुप्ता।**
  – अरविंद प्रताप सिंह

आपका आवेदन रद नहीं होगा। आप प्रमाणपत्र के लिए आवेदन कर दें।

- **मैंने 12वीं 67.7 फीसदी अंक के साथ उत्तीर्ण की है। मुझे एसओएल में दाखिला लेना है इसकी आवेदन प्रक्रिया कब से शुरू होगी?**
  – करन रावत

एसओएल की दाखिला प्रक्रिया को लेकर अभी कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। इसके लिए आप एसओएल की वेबसाइट देख सकते हैं।

डीयू दाखिला से जुड़ा यदि आपके मन में कोई सवाल है या शंका है तो आप हिन्दुस्तान की हेल्पलाइन **hellohindustan@livehindustan.com** पर अपने सवाल मेल कर सकते हैं। डीयू में दाखिला से जुड़े विशेषज्ञ जवाब देंगे। जिसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।



जन्माष्टमी के मौके पर बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित इस्कॉन मंदिर पहुंचे और भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति का अभिषेक किया। मंदिर में दर्शन करने वालों में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी शामिल रहे। • प्रेट्र

# जेएनयू में ऑनलाइन मूल्यांकन

**सुविधा**

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में अब छात्रों-शिक्षकों को ऑनलाइन सुविधा मिलेगी। इसके माध्यम से शिक्षक बहुसंख्यक टूल्स से मूल्यांकन कर सकेंगे। इस सुविधा के तहत स्वतः मूल्यांकन के साथ ही छात्रों के प्रदर्शन की समीक्षा संभव हो सकेगी।

इस सुविधा से शिक्षकों को शिक्षण के लिए अधिक समय मिलेगा। जेएनयू ने इसके लिए ऑनलाइन मूल्यांकन मंच तैयार करने वाली टेचगिग इंडिया के साथ किया करार है। विश्वविद्यालय के रेक्टर-1 चिंतामणि महापात्रा ने बुधवार को कहा कि करार के बाद जेएनयू ने टेचगिग टीम के सहयोग से 10 अगस्त को अपने संकाय सदस्यों के लिए एक कार्यशाला भी आयोजित की है।

जेएनयू कुलपति एम जगदेश कुमार ने कहा जेएनयू को आशा है कि यह ऑनलाइन मूल्यांकन देश के दूर दराज हिस्सों में बैठे छात्रों के लिए वरदान साबित होगा। हम विशेष रूप से आखिरी छोर में बैठे छात्रों के भविष्य के लिए चिंतित थे। इन छात्रों को अपनी परीक्षा जल्द पूरी करने की जरूरत है। जिससे वह अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकें और उसके बाद नौकरी के लिए कहीं आवेदन कर सकें।

**कुलपति बोले- नई व्यवस्था से बहुत मदद मिलेगी**

कुलपति प्रो. एम जगदेश कुमार ने कहा है कि हमारे पास एक सतत मूल्यांकन प्रणाली है, लेकिन पूरा विश्वास है मूल्यांकन की इस ऑनलाइन व्यवस्था से भी बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जेएनयू ऐसा पहला संस्थान है जिसने छात्रों के लिए उच्च शिक्षा में ऑनलाइन वाइवा शुरू किया है। जिसने छात्रों को उनके घरों से परीक्षा देने में मदद की है। वहीं, टेचगिग के बिजनेस प्रमुख संजय गोयल ने करार पर कहा कि यह ऑनलाइन मंच उन्नत साहित्यिक चोरी डिटेक्टर और दूरस्थ प्रॉक्टरिंग उपाय के साथ यह निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित करता है।

# कान्हा के पालने को दूर से ही देखा

**जन्माष्टमी**

नई दिल्ली | कार्यालय संवाददाता

कोरोना का असर जन्माष्टमी के मौके पर मंदिरों में भी देखने को मिला। बुधवार को भगवान कृष्ण के दर्शन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या कम थी। श्रद्धालुओं ने कान्हा के दर्शन सामाजिक दूरी के साथ किए। कहीं पर लोगों को बाल गोपाल को पालने में झुलाने की अनुमति थी तो किसी जगह रोक रही। कुछ जगह श्रद्धालुओं को ऑनलाइन दर्शन की व्यवस्था की गई थी।

मंदिरों में भजन-कीर्तन और हरे कृष्णा-हरे रामा, जय श्री राधे के उद्घोष से परिसर गूंज रहे थे।

**हाथ सेनेटाइज करने के बाद प्रवेश :** मंदिर मार्ग स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर (बिरला मंदिर) में श्रद्धालुओं के हाथों को सेनेटाइज करने के बाद प्रवेश दिया जा रहा था। मंदिर के पूजारियों द्वारा श्रद्धालुओं को टीका भी नहीं लगाया गया। वहीं, झंडे वाला देवी मंदिर में श्रद्धालु पालने में बैठे कान्हा के साथ सेल्फी लेते दिखे। पालने में कान्हा को झुलाने पर रोक थी।

**चांदी का पालना :** छतरपुर मंदिर में सीमित श्रद्धालुओं को दर्शन की इजाजत थी। इसके लिए मंदिर प्रशासन द्वारा बुकिंग स्लॉट बनाया गया था। यहां कान्हा चांदी के पालने में बैठे थे।

**इस्कॉन मंदिर में केजरीवाल ने अभिषेक किया**

ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित इस्कॉन मंदिर में केवल आमंत्रित श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया गया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन चल रहा था। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने कोरोना के खात्मे को लेकर भी प्रार्थना की। इस्कॉन मंदिर में भगवान कृष्ण के दर्शन के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी पहुंचे। मंदिर में दर्शन करने वालों में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी शामिल थे। इस दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था एकदम कड़ी रही।

## मस्जिद ठीक कराने के लिए सहायता

**नई दिल्ली (का.सं.)।** हौजकाजी स्थित मस्जिद मुबारक बेगम के जीर्णोद्धार में सहायता के लिए दिल्ली वक्फ बोर्ड को विश्व स्मारक कोष ने पेशकश की है। पिछले माह भारी बारिश के कारण मस्जिद के तीन गुंबदों में से बीच का गुंबद क्षतिग्रस्त हो गया था।

दिल्ली वक्फ बोर्ड के अधीन यह मस्जिद है। मस्जिद का इतिहास 200 साल के करीब पुराना बताया जाता है। बोर्ड के एक अधिकारी के अनुसार न्यूयॉर्क स्थित विश्व स्मारक कोष से मस्जिद के संरक्षण को लेकर मदद की पेशकश प्राप्त हुई है। जल्द ही मस्जिद के तकनीकी सर्वेक्षण को लेकर एक टीम आ सकती है।

# वाहन की प्रदूषण जांच करा लें, 40 टीम तैनात

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

**सख्ती**

- प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र न दिखाने पर 10 हजार का चालान होगा
- दो दिनों में 150 से अधिक लोगों के चालान हो चुके हैं

अगर अभी तक आपने वाहन की प्रदूषण जांच नहीं कराई है तो करा लें। दिल्ली परिवहन विभाग ने ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्य सचिव विजय देव के निर्देश पर परिवहन विभाग ने कार्रवाई के लिए 40 टीमें सड़क पर उतार दी हैं।

अगर आप वैध प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र नहीं दिखा पाएं तो 10 हजार का चालान भरना पड़ सकता है। दिल्ली में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मुख्य सचिव को दिल्ली के 13 प्रदूषण हॉट स्पॉट पर प्रदूषण कम करने के लिए कहा था। इसके बाद मुख्य सचिव ने प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्रवाई का निर्देश दिया था। दो दिन से चल रहे अभियान के तहत अब तक 150 से अधिक लोगों का चालान हो चुका है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने महिला के आग्रह के अनुसार परिवार न्यायालय को मामले की सुनवाई का समय समायोजित करने का निर्देश दिया

# बच्चे की ऑनलाइन कक्षा के हिसाब से केस की सुनवाई का समय बदलें

**निर्देश**

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

बच्चे की ऑनलाइन कक्षा के मद्देनजर उच्च न्यायालय ने परिवार न्यायालय को वैवाहिक विवाद एवं बच्चे के संरक्षण से जुड़े मामले की सुनवाई के समय में बदलाव करने को कहा है। न्यायालय ने महिला की मांग को स्वीकार करते हुए यह निर्देश दिया है। महिला ने परिवार न्यायालय में मामले की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए होने वाले सुनवाई में बदलाव की मांग की थी।

महिला ने कहा था कि वीडियो कांफ्रेंसिंग से मामले की सुनवाई पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसके लिए वह जिस इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स वह इस्तेमाल करती है, उसी से उसके बच्चे ऑनलाइन कक्षा में शामिल होते हैं। जस्टिस संजीव सचदेवा ने सभी पहलुओं पर ध्यना में रखते हुए परिवार न्यायालय को बच्चे के ऑनलाइन कक्षा के समय और मामले के सुनवाई के समय में सामंजस्य बैठाने को कहा है।

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि वीडियो कांफ्रेंस के लिए इस्तेमाल में आने वाले इलेक्ट्रॉनिक गैजेट बच्चे की ऑनलाइन कक्षा के लिए भी बहुत जरूरी है। महिला ने अपने बच्चे के पढ़ाई के मद्देनजर परिवार अदालत को उसके मामले की सुनवाई भोजनावकाश के बाद कराने की मांग की थी। न्यायालय ने कहा है कि परिवार न्यायालय महिला के आग्रह पर संज्ञान लेकर लंबित मामले की सुनवाई के लिए समय समायोजित करने का उचित रूप से प्रयास करेगी। उच्च न्यायालय महिला के पति की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

व्यक्ति ने याचिका में हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 9 के तहत दाखिल वैवाहिक विवाद संबंधी एवं बच्चे के संरक्षण से संबंधित याचिका पर परिवार न्यायालय को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी।



**महिला ने यह गुजारिश की थी**

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मामले की सुनवाई की मांग पर महिला ने कहा था कि उसे कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन उसने उच्च न्यायालय को बताया कि उसके पास कोई अधिवक्ता नहीं है और वह किसी अधिवक्ता के शुल्क को वहन करने की स्थिति में भी नहीं है। ऐसे में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए सुनवाई उस वक्त हो यानी दोपहर भोजनावकाश के बाद हो क्योंकि इससे पहले इलेक्ट्रोनिक गैजेट्स का इस्तेमाल उसका बच्चा ऑनलाइन कक्षा के लिए करता है।

bharti

**भारती एयरटेल लिमिटेड**

airtel

**CIN:** L74899DL1995PLC070609

**पंजी. कार्यालय:** भारती क्रिसेन्ट, 1, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज, फेस-II, नई दिल्ली-110 070

**दूरभाष:** 91-11-4666 6100; **फैक्स:** 91-11-4166 6137

**ईमेल:** compliance.officer@bharti.in **वेबसाइट:** www.airtel.com

**शेयरधारकों के ध्यान देने हेतु**

यह सूचित किया जाता है कि :

1. भारती एयरटेल लिमिटेड ("कंपनी") की 25वीं वार्षिक साधारण बैठक ("एजीएम") 25वीं एजीएम ('सूचना') में वर्णित व्यापार में लेन-देन करने के लिए मंगलवार, 18 अगस्त, 2020 को दोपहर 3.30 बजे (भामास) वीडियो क्रान्फ्रेंसिग ('वीसी')/अन्य श्रव्य दृश्य माध्यमों ('ओएवीएम') के माध्यम से आयोजित की जाएगी। कंपनी ने 25वीं एजीएम के लिए ई-वोटिंग सुविधा के साथ वीसी/ओवीएएम सुविधा प्रदान करने के लिए केफिन टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड ('केफिन'), आरटीए को नियुक्त किया है।
2. सूचना और समग्र रिपोर्ट व वित्तीय वर्ष 2019-2020 के लिए वार्षिक विवरण ("समग्र वार्षिक रिपोर्ट") का इलैक्ट्रानिक प्रेषण सोमवार, 27 जुलाई, 2020 तक पूरा किया जा चुका है। सूचना व समग्र वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.airtel.com, 'केफिन की वेबसाइट https://evoting.karvy.com और स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमश : www.bseindia.com व www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होगी।
3. रिमोट ई-वोटिंग की शुरूआत शुक्रवार 14 अगस्त, 2020 को सुबह 9.00 बजे (भामास) होगी और समाप्त सोमवार, 17 अगस्त, 2020 को शाम 05.00 बजे (भामास) होगी। ई-वोटिंग सुविधा प्राप्त करने के लिए सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने के उद्देश्य के लिए कट-ऑफ डेट मंगलवार, 11 अगस्त, 2020 थी। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ डेट तक कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयर के अनुपात में होंगे। ई-वोटिंग के लिए निर्देश सूचना में दिए गए हैं जो कंपनी की वेबसाइट www.airtel.com पर उपलब्ध हैं।
4. कंपनी ने एजीएम के दौरान प्रश्न पूछने या अपने विचार अभिव्यक्त करने के लिए सदस्यों को स्पीकर रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान की है। 'स्पीकर रजिस्ट्रेशन' की सुविधा शुक्रवार, 14 अगस्त, 2020 से खोली जाएंगी और शनिवार, 15 अगस्त, 2020 को समाप्त होगी। सदस्यों से इस अवसर का लाभ उठाने का अनुरोध है।
5. इलैक्ट्रानिक माध्यमों के द्वारा वोटिंग की सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध होगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए उपस्थित और पहले ही रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपने वोट न डालने वाले सदस्य और जो वोट डालने के लिए बाधित नहीं हैं, केवल वही सदस्य एजीएम के दौरान वोट डालने के पात्र होंगे। ई-वोटिंग से संबंधित यूजर आईडी व पासवर्ड के विवरण सहित जानकारी व निर्देश सदस्यों को ई-मेल द्वारा भेजे जा चुके हैं। ई-वोटिंग के लिए प्रयुक्त लॉगिन व पासवर्ड का प्रयोग वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने के लिए भी किया जा सकता है।
6. 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अंतिम लाभांश के लिए सदस्यों के अधिकार निर्धारित करने के लिए "रिकॉर्ड तिथि" शुक्रवार, 07 अगस्त, 2020 थी। वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा संशोधित अनुसार आय कर अधिनियम, 1961 के अनुसार, कंपनी द्वारा 01 अप्रैल, 2020 तक या के बाद चुकता या वितरित लाभांश सदस्यों द्वारा करयोग्य होगा। इसके बाद कंपनी उक्त लाभांश का भुगतान करते समय सोर्स पर कर (टीडीएस) काटने की अधिकारी होगी।
7. ई-वोटिंग से संबंधित किसी पूछताछ के मामले में, सदस्य केफिन की वेबसाइट https://evoting.karvy. com/public/Faq.aspx में उपलब्ध हैल्प एंड एफएक्यूज देख सकते हैं या रिमोट ई-वोटिंग या शेयरों से संबंधित किसी अन्य पूछताछ/शिकायतों के मामले में, सदस्य श्री राज कुमार काले, केफिन अधिकारी 040-67162222 या टॉल फ्री नं. 1800 345 4001 (टॉल फ्री) या ई-मेल evoting@kfintech.com पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते **भारती एयरटेल लिमिटेड**
हस्ता /-
**पंकज तिवारी**
**कम्पनी सचिव**

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12 अगस्त, 2020